तापमान
अधिकतम 15.0 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

गोमाता का संरक्षण केवल आस्था नहीं बल्कि राष्ट्र.. 11



शालिग्राम पूजन से समस्त पापों का नाश 11






## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी के आगे कूद युवक ने दी जान

**जींद।** पानीपत रेललाइन पर मंगलवार सुबह एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक एक महिला के साथ सहमति संबंध में रहता था और वह उसे छोड़कर चली गई थी। जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। उसने सुसाइड नोट भी छोड़ा है लेकिन परिजनों ने कार्रवाई नहीं करवाई है।

### दुकान की सौदेबाजी कर आठ लाख रुपये हड़पे

**जींद।** दुकान की सौदेबाजी कर आठ लाख हड़पने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बागडू निवासी धर्म ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव सिल्लाखेड़ी निवासी अनूप ने सफीदों दुकान दिलाने की बात कही। आरोपित ने उसे गांव रत्ताखेड़ा निवासी पिंकी तथा उसके पति संदीप से मिलवाया था।

### खाते से दो लाख गायब धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जींद।** बैंक उपभोक्ता के खाते से दो लाख रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी गुलाब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार जनवरी को उसके फोन पर मैसेज आया था। जिसे उसने डाउनलोड कर लिया था।

### दो ट्रैक्टरों से हजारों रुपये की बैटरी चोरी

**कैथल।** कैथल के मानस रोड नजदीक खनोरी बाईपास से चोर दो ट्रैक्टरों से हजारों रुपए की बैटरी चुरा कर ले गए। कैथल के शक्तिनगर गली नंबर 1 के कृष्ण ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका एक अन्य साथी 11 जनवरी की रात को अपने ट्रैक्टरों को मानस रोड खनोरी बाईपास के निकट खड़ा कर घर चले गए।

### सरकारी स्कूल से चोरी करने का आरोपी काबू

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने गांव गोसाईखेड़ा सरकारी स्कूल में चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार उसके कब्जे से दो इन्वर्टर तथा दो बैटरियां बरामद की हैं। थाना जुलाना प्रभारी विक्रम जोशन ने बताया कि गांव गोसाईखेड़ा सरकारी स्कूल की मुखिया कांता देवी ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि चोरों स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर तीन इन्वर्टर व 3 बैटरियों को चोरी कर लिया था।

### चंदलाना में मारपीट में युवक घायल

**कैथल।** चंदलाना में हुई मारपीट में युवक घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव चंदलाना के देवीलाल ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जनवरी को गांव के ही तनुष और तुषार नामक दो भाइयों ने मिलकर लाठी और डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### अफीम मंगवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचते हुए 704 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा अपने लिए अफीम मंगवाने के वाले आरोपी को भी काबू कर लिया गया। आरोपी सचिन को कोर्ट के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

---

### विधायक देवेंद्र हंस ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता मिली खराब, जेई को लगाई फटकार

## नागा बाबा तीर्थ तालाब निर्माण में भारी गड़बड़ी

**मानकों के अनुसार दोबारा कार्य कराया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सीवन

सीवन के पवित्र नागा बाबा तीर्थ रोड स्थित तालाब के निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। घटिया निर्माण सामग्री और मानकों की अनदेखी को लेकर हलका गुहला के विधायक देवेंद्र हंस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों पर कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई। उपयोग में लाई जा रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी, जिससे तालाब की मजबूती व टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए। इस पर विधायक ने मौके पर मौजूद नगर पालिका सीवन के जेई को कड़ी फटकार लगाई तथा नगर पालिका सचिव दीपक कुमार को निर्देश दिए कि घटिया निर्माण कार्य को तुरंत हटवाया जाए और मानकों के अनुसार दोबारा कार्य कराया जाए।



सीवन। नागा बाबा तीर्थ तालाब के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक देवेंद्र हंस, साथ में नगर पालिका सचिव। *फोटो :हरिभूमि*

- निरीक्षण के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा
- आम जनता में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर रोष व्याप्त, अधिकारियों में हड़कंप

#### लापरवाही सहन नहीं होगी

निरीक्षण के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें विधायक देवेंद्र हंस जेई को लापरवाही को लेकर सख्त लहजे में घेरते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होते ही नगर में हलचल मच गई है और आम जनता में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर रोष व्याप्त है। विधायक देवेंद्र हंस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कई योजनाएं केवल कागजों और शिलान्यास तक सीमित रह गई हैं। धरातल पर घटिया निर्माण कर जनता के टैक्स के पैसे की खुलेआम बर्बादी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के पैसे से होने वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं और धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर भी गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि घटिया निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

#### दोषी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

चाहे ठेकेदार हो या अधिकारी, दोषी पाए जाने पर सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। विधायक ने दो टूक कहा कि जनता का एक-एक रुपया केवल टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण विकास पर ही खर्च होना चाहिए, न कि दिखावटी योजनाओं पर। मामला अब केवल निर्माण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही पर भी बड़ा सवाल बनकर उभरा है। विधायक ने दो टूक कहा कि जनता का एक-एक रुपया केवल टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण विकास पर ही खर्च होना चाहिए, न कि दिखावटी योजनाओं पर। इस अवसर पर अमित, नित्यम, नवीन, बिट्टू, अशोक, रामरतन व नरेंद्र ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग करने वाले संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

---

### नागरिक अस्पताल में लगे शौचालयों पर ताले का मामला

# पीडब्ल्यूडी बीएंडआर आज शौचालयों को करेगा स्वास्थ्य विभाग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पिछले अढाई महीने से रेनोवेशन के चलते शौचालय बुधवार को खुलने जा रहे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र ने शौचालयों पर लगे तालों के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर अब पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग बुधवार को शौचालयों को स्वास्थ्य विभाग के हवाले करेगा। शौचालय की सुविधा शुरू होने से महिला मरीजों व तिमारदारों को फायदा होगा और उन्हें शौच के लिए इधर-उधर नही भटकना होगा। शौचालय शुरू करवाए जाने को लेकर डिप्टी स्पीकर तक ने निर्माण ठेकेदार को फटकार लगाई थी। बावजूद इसके ताले लटके हुए थे। अब बुधवार को शौचालय की सुविधा शुरू हो जाएगी।



जींद। शौचालय पर लगे ताले, जो बुधवार को खेलने जा रहे हैं।

#### काम पूरा

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग बुधवार को अस्पताल के शौचालयों को स्वास्थ्य विभाग के हवाले करेगा। इसको लेकर फाइल तैयार है और बस हैंडओवर होने हैं। साथ ही रेनोवेशन के कार्य को भी पूरा कर दिया गया है। शौचालयों की सफाई और रखरखाव की व्यवस्था भी दुरुस्त करवा दी गई है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने भी आश्वासन दिया है कि शौचालयों को नियमित रूप से साफ.सुथरा रखा जाएगा।

#### ढाई माह से शौचालय की सुविधा को तरस रहे थे लोग

अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में नीचे ही शौचालय बनाए गए हैं ताकि मरीजों व तिमारदारों को शौचालय के लिए भटकना न पड़े। इसके अलावा कई बार शौच सैंपल भी महिलाओं और पुरूषों को लेने होते हैं तो वो इन्ही शौचालयों का उपयोग करते हैं। नागरिक अस्पताल में पिछले अढ़ाई महीने से चल रहे रेनोवेशन कार्य के कारण मरीजों और उनके तिमारदारों को शौचालयों की मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही थी। अस्पताल के शौचालयों पर ताले लगे होने से खासकर महिला मरीजों और उनके परिजनों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रही थी। समस्या को लेकर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने दिसंबर में निरीक्षण के दौरान गंभीरता से संज्ञान लिया था।

### सीमेंट की डीलरशिप देने के नाम पर 3.70 लाख ठगे

**कैथल।** कांगथली में एक दुकानदार को सीमेंट की डीलरशिप देने के नाम पर 3.70 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में सीवन थाना पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रामदासपुरा निवासी सर्वजीत सिंह ने बताया कि उसकी कांगथली मेन रोड पर सीमेंट की दुकान है। करीब 12 दिन पहले उसकी योगेश पटेल नाम के व्यक्ति से सीमेंट लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से बात हुई। योगेश उसे कहने लगा कि पहले आप 1.25 लाख डीलरशिप के लिए ऑनलाइन पे कर दो। इस पर उसने योगेश पटेल के बताए अकाउंट में दो जनवरी को 75 हजार और फिर 50 रुपए पे कर दिए। ये पैसे योगेश पटेल ने किसी और अकाउंट में डलवाए थे। उसके बाद योगेश कहने लगा कि वह उसके पास एक हजार सीमेंट के कट्टे भेज देगा। आरोपी ने सीमेंट की एडवांस पेमेंट 2.45 हजार और मांगे, उसने वे रुपए भी आरोपी के खाते में भेज दिए। उसके बाद अभी तक योगेश पटेल ने उसके पास न तो सीमेंट की डिलीवरी की है और न ही रुपए वापस कर रहा है। अब आरोपी ने पैसे देने से साफ मना कर दिया। ऐसा करके आरोपी ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। सीवन थाना एसएचओ पारस ने बताया कि व्यापारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्कर से 247 ग्राम चरस बरामद

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा ढांड क्षेत्र से एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया, जिसके कब्जे से 247 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव साकरा से माजरा रोड पर मौजूद थी, जहां पुलिस पार्टी को गुप्त सूत्रों से खुफिया सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो निगदु वाली सड़क पर पैदल पैदल जा रहा हैं।

---

## अश्लील वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दे हड़पे सवा दो लाख

**वीडियो को डिलीट करने की एवज में ऐंठी राशि**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद

व्हाट्सअप पर युवती की अशील वीडियो देखना युवक को मंहगा पड़ गया। युवती ने वीडियो देखने वाले युवक की भी अशील वीडियो बना सार्वजनिक करने की धमकी देकर सवा दो लाख रुपये हड़प लिए। साइबर थाना पुलिस ने युवतक शिकायत पर अज्ञात लोगो के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाके के एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 दिसंबर को उसके व्हाट्सअप पर वीडियो कॉल आई। जिसमें एक युवती ने अपनी अशील वीडियो दिखाई। फिर उसी युवती ने कॉल कर बताया कि उसकी भी अशील वीडियो बनाई गई है। अगर वीडियो डिलीट करवानी है तो उसके पास पांच हजार रुपये भेज दो। रुपये न देने पर अशील वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी दी। फिर अगले दिन उसके खिलाफ मुकद्मा दर्ज होने के बारे में बताया गया। फिर वीडियो डिलीट करने के लिए अढाई हजार रुपये मांगे गए। जिसके बाद उससे साढ़े 32 हजार रुपये और मांगे गए। 31 दिसंबर तक आरोपित उससे सवा दो लाख रुपये ब्लैकमेल कर ऐंठ चुके थे। शर्म के मारे उसने किसी को घटना के बारे में नही बताया।

#### जांच जारी

साइबर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि ब्लैकमेल कर राशि ऐंठने की शिकायत मिली थी। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बीमा पॉलिसी रिफंड के नाम पर पांच लाख रुपये हड़पे

**जींद।** साइबर ठगों ने बीमा पॉलीसियों को रिफंड करने तथा ज्यादा राशि दिलाने का झांसा देकर सीएससी संचालक को लगभग सवा पांच लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अलीपुरा निवासी हुसैन अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सीएससी चलाता है। वर्ष 2023 में उसने बीमा पॉलिसी खरीदी थी। जिसके बाद उसने पचास हजार रुपये की एफडी भी करवाई थी। एजेंट ने बिना सहमति के एफडी इंश्योरेंस कर दिया। जिस पर उसने अपनी शिकायत दर्ज करवा दी। 17 जुलाई को उसके पास कॉल आई। जिसने खुद को दिल्ली से बीमा लोकपाल बताया। जिसने बताया कि आपकी दोनों पॉलिसी का रिफंड हो जाएगा। जिसके लिए आपको एक अकाउंट खुलवाना पड़ेगा।

- साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

---

## दनौदा कलां, हरनामपुरा तथा हथो गांवों को मिली बड़ी सौगात

### आठ करोड़ की पेयजल परियोजनाओं व 80 लाख की गलियों का उद्घाटन

**मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना मुख्य उद्देश्य: मंत्री बेदी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल सुविधाओं के विस्तार के तहत बनाए गए बूस्टर स्टेशनों और नई पाइपलाइन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं पर लगभग 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है। इनमें जल जीवन मिशन के तहत गांव दनौदा कलां में 2 करोड़ 77 लाख 40 हजार से नव निर्मित बूस्टिंग स्टेशन नम्बर.2ए गावं हरनामपुरा में 1 करोड़ 64 लाख 37 हजार तथा हथो में एक करोड़ 75 लाख 88 हजार की लागत से बने बूस्टिंग स्टेशन व पाइपलाईन के विस्तारीकरण का उद्घाटन शामिल है। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री द्वारा पंचायती राज विभाग के अंतर्गत गांव हरनामपुरा में करीब 26 लाख से निर्मित दो सड़कों का लोकार्पण तथा करीब 19 लाख की अनुमानित लागत से एक सड़क का शिलान्यास तथा गांव हाथो में 36 लाख की राशि से बनी 3 सड़कों का लोकार्पण भी किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। इसके लिए सरकार का मुख्य फोकस शिक्षा स्वास्थ्य पेयजलए बिजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को ग्रामीण अंचल के आखिरी छोर तक पहुंचाने पर है। परियोजनाओं पर सिलसिलेवार कार्य गति पर है।



नरवाना। परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

#### नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि गांव दनोदा कलां में बूस्टर स्टेशन नंबर.2 के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का समाधान हुआ है। बूस्टर स्टेशन के चालू होने से ग्रामीणों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। इसी प्रकार गांव हरनामपुरा और गांव हथों में डीआई पाइपलाइन न होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता थाए जिसे अब नई पाइपलाइन बिछाए जाने से दूर कर दिया गया है। कहा कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव दनोदा कलां में बूस्टर स्टेशन बनने से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 70 लीटर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा जबकि हरनामपुरा और हथों में पाइपलाइन बिछाए जाने से प्रति व्यक्ति 55 लीटर स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

---

### जल्द सभी कमियां होंगी दूर, हर प्रकार की बरती जा रही सावधानी

# हाइड्रोजन प्लांट के लिए सर्टिफिकेशन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ

## जनवरी महीने के अंतिम सप्ताह तक ट्रायल होने की संभावना

- हाइड्रोजन प्लांट में नमी सुखाने के लिए लगाए जाएंगे हीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन चलाने के लिए रेलवे पूरी तरह से तैयारी कर रहा है। पहले उम्मीद थी कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक ट्रायल हो जाएगी लेकिन अभी इसमें कुछ दिक्कतें आ रही हैं। जनवरी महीने के अंतिम सप्ताह तक ट्रायल होने की संभावना है। हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से पहले केवल ट्रैक की जांच ही नहीं, बल्कि ट्रेन की कार्यक्षमता, सुरक्षा मानकों और ईंधन आपूर्ति प्रणाली का भी बारीकी से परीक्षण किया जाना है। इसके लिए हर प्रकार की सावधानी बरती जा रही है। वहीं हाइड्रोजन प्लाट में बनी नमी को सुखाने के लिए विशेष हीटर लगाए जाएंगे। हाइड्रोजन गैस अत्यंत ज्वलनशील व संवेदनशील है, ऐसे में किसी भी प्रकार की सुरक्षा को लेकर कोई कमी रेलवे नहीं छोड़ रहा है। इसके लिए हर प्रकार के सर्टिफिकेशन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही सभी प्रकार की प्रक्रिया पूरी करके जींद-सोनीपत रेलवे लाइन पर हाइड्रोजन ट्रेन की ट्रायल ली जाएगी।

खास तौर पर हाइड्रोजन गैस के भंडारण और उपयोग को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। हाइड्रोजन गैस में मौजूद नमी ट्रेन के इंजन और फ्यूल सेल सिस्टम पर असर डाल सकती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए हाइड्रोजन प्लांट में विशेष हीटर लगाए जाएंगे ताकि गैस में मौजूद नमी को पूरी तरह सुखाया जा सके। रेलवे प्रबंधन इस मामले में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करना चाहता। सुरक्षा के सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही ट्रायल को अंतिम रूप दिया जाएगा।




#### सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी

उत्तर रेलवे के चीफ पीआरओ हिमांशु शेखर ने बताया कि अभी ट्रायल को लेकर समय है। रेलवे इस पर काम कर रहा है। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के सर्टिफिकेशन लेना जरूरी है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जो भी छोटी-मोटी कमियां आ रही हैं, उनको दूर किया जा रहा है। इंजीनियरों की टीम लगी हुई है। सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी। सभी सर्टिफिकेशन मिलने के बाद ट्रायल की जाएगी।

### घने कोहरे का फसलों को मिल रहा लाभ

**जींद।** पिछले दो दिन से जिले में सुबह के समय घना कोहरा छा रहा है और दोपहर को तेज धूप निकल रही है। ऐसे में सुबह लोगों को ठंड महसूस हो रही है लेकिन दोपहर को धूप निकलने से आमजन को राहत मिल रही है। इस मौसम से फसलों को भी लाभ मिल रहा है। खासकर गेहूं की फसल को इससे बहुत लाभ हो रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे तक घने कोहरे के कारण दृश्यता पांच मीटर के आसपास रही। ऐसे में वाहन चालकों को परेशानी हुई। सुबह 11 बजे के बाद धूप निकलने से वाहन चालकों को भी काफी राहत मिली। जनवरी महीने से जिले में काफी ठंड रही है। कभी कोहरा गिरा तो कभी बिना कोहरे ही ज्यादा ठंड रही।



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

## लाइफ Style



# तापसी
## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।


तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

## हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

## टीवी मसाला



# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने



**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं




**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## खबर संक्षेप

### व्यायामशाला में बच्चों को करवाया सूर्य नमस्कार

**अलेवा।** सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग ने छात्तर गांव की व्यायामशाला में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग सहायिका कविता दलाल ने की। इस दौरान योग सहायिका ने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू 12 फरवरी स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती तक करवाया जाएगा।

### जींद: पिंडारा के तीर्थ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**जींद।** लोहड़ी व मकर सक्रांति के पावन पर्व पर हरियाणा कला परिषद् रोहतक मंडल एवं सरस्वती कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में सोम तीर्थ पांडू पिंडारा पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम लोहड़ी व मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन होगा। इसमें हरियाणा कला परिषद की ओर से कलाकार हरियाणवी रागिनी व लोक नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। वहीं बीन जोगी टीम द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**सफीदों।** एसडीएम पुलकित मलहोत्रा ने नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगाए जा रहे सीसी ब्लॉकों की निर्धारित श्रेणी की गुणवत्ता बनाए रखने तथा अन्य विकास कार्यों की जांच करने को लेकर नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने अधिकारियों का निर्देशित करते कहा कि हाल ही में किए गए कार्यों के अवलोकन एवं प्रबुद्ध नागरिकों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह सामने आया है।

### ट्रक से चावल के सौलह बैग चोरी, शिकायत दर्ज

**कैथल।** शेरगढ़ स्थित पावर हाउस के निकट से अज्ञात ट्रक से लाखों के 16 बैग चावल चुरा कर ले गए। दोस्तपुर जिला महेंद्रगढ़ के वीरेंद्र ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जनवरी को जब वह रात्रि करीब 11:30 बजे शेरगढ़ रोड नजदीक पावर हाउस कैथल के निकट से गुजर रहा था तो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके ट्रक के ऊपर चढ़कर उसमें से करीब 16 बैग चावल चुरा लिए।

### बाइक की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** कैथल के हुड्डा सेक्टर 18 में बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वैष्णो कॉलोनी कैथल के हर्ष ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जनवरी को जब सासं को करीब 7:00 बजे वह सेक्टर 18 के निकट से जा रहा था तो एक अज्ञात बाइक चालक ने उसे अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### गांव भागल में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव भागल में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव भागल के सुभाष कुमार ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जनवरी को गांव के ही श्याम सिंह ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।ए सहायक उप निरीक्षक जसपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसानों को अनुदान पर मिलेंगे ट्रैक्टर

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एस बी 89 स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को तीन लाख अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए संबंधित किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकता है।

### पाई के रिंग बांध पर बस रुकने से ग्रामीण खुश

**पाई।** पाई गांव में ग्रामीणों की मेहनत उस समय रंग लाई, जब रिंग बांध पर सभी बसें रुकने लग गई। विदित रहे कि सालों पहले पूंडरी राजोंद मार्ग पर रिंग बांध के पास बस क्यू सैंटर तो बना दिया गया था, लेकिन वहां बसे नहीं रूकती थी। आने जाने वाली बसें चोराह के बीच में रुकती थी।

---

### राज्यसभा सांसद ने नंदीशाला में बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम को किया संबोधित

# गोमाता का संरक्षण केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा का संकल्प

### स्वैच्छिक कोष से 25 लाख रुपये देने की घोषणा

**प्रदेश सरकार गोमाता के संरक्षण को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक ऐसी सरकार कार्य कर रही है, जिसने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्थाओं और गौसेवा को पुनः प्रतिष्ठित किया है। गोमाता का संरक्षण केवल धार्मिक कर्तव्य नही बल्कि पर्यावरण संतुलन, प्राकृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मंगलवार को जयंती देवी मंदिर के सामने स्थित नंदीशाला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। नंदीशाला के विकास एवं गौसंरक्षण कार्यों के लिए स्वैच्छिक कोष से 25 लाख देने की घोषणा की। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार चहुंमुखी विकास के साथ-साथ गौमाता के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

#### भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक

इसी दृष्टिकोण के तहत राज्य सरकार द्वारा गौसेवा आयोग का गठन किया गया है तथा प्रदेश की गौशालाओं को नियमित वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए लिए गए निर्णय ऐतिहासिक हैं। नंदी के लिए 25 रुपये, गौमाता के लिए 20 रुपये और बछड़े के लिए 10 रुपये प्रतिदिन की सहायता राशि प्रदान कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गौसेवा केवल घोषणा नही बल्कि धरातल पर लागू की जाने वाली नीति है। कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने केवल दिखावे की राजनीति की, जबकि वर्तमान सरकार ने हर योजना को जमीन पर उतारने का कार्य किया है। बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ा है। जिससे आने वाली पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में और अधिक सक्षम होगी। प्रधानमंत्री के संकल्प से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हुआ। जिससे करोड़ों रामभक्तों की आस्था को सम्मान मिला है। आज देश का युवा धार्मिक स्थलों की यात्रा कर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ रहा है, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र ढुल, नंदीशाला समिति अध्यक्ष स्वामी राघवानंद महाराज, ईगराह धाम से स्वामी सूर्यानंद सरस्वती महाराज, नंदीशाला सचिव जयभगवान, पूर्व महामंत्री डा. राज सैनी, वरिष्ठ आईएएस अमित खत्री की माता कृष्णा देवी, पिता राजेन्द्र सिंह खत्री सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

#### कार्यों की सराहना

गौसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को गौसेवा जैसे पुण्य कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए। कहा कि गौमाता केवल हमारी माता ही नही बल्कि अमृत की दाता भी हैं और उनका संरक्षण मानवता की रक्षा के समान है। गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा गौसंरक्षण को लेकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका उद्देश्य बेसहारा गौवंश को सुरक्षित आश्रय देना है। भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने भी गौसेवकों को संबोधित करते सामाजिक संस्थाओं से गौ.सेवा के लिए आगे आने की अपील की।

---

# गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास

### सांसद ने खरकरामजी में कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



खरकरामजी की गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि गाय की सेवा पूर्ण पूजा मानी जाती है। क्योंकि गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए हिंदुस्तान में ईश्वर के अंदर आस्था रखने वाला परिवार सबसे पहली रोटी गोमाता के लिए निकालता है। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मंगलवार को गांव खरकरामजी में स्थित गोशाला में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते कहे। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति पर गोमाता की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर गऊशाला समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहना कर और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में देश भक्ति और धार्मिक रस से भरी हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर स्वामी सुखबीर दास, स्वामी चंद्रानंद, वजीर गांगोली, गऊशाला समिति प्रधान धर्मचंद सहित अनेक गौभक्त मौजूद थे। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि कि गोशाला में 100 से 200 फुट शैड के निर्माण में जो राशि खर्च होगी, उसे वे अपनी ग्रांट से देंगे। इसके अलावा किसी भी जाति का कोई भी प्रतिभाशाली युवक व युवती यदि आईएएस और आईपीएस की कोचिंग करता है और उसके आड़े आर्थिक स्थिति आती है तो उसकी फीस में वे मदद करेगे।





पूंडरी। जागरूक रैली निकालते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में 12 जनवरी को एनएसएस व एनसीसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ. सोनिया दहिया एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. वंदना हुड्डा ने किया। इस अवसर पर समस्त प्रतिभागियों एवं शिक्षकों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने विदेशी वस्तुओं का त्याग कर स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया।

### सब जूनियर रग्बी टीम की कप्तान होंगी रिद्धिमा

**जींद।** राष्ट्रीय सब जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 जनवरी तक कलिंग स्टेडियम भुवनेश्वर में होगा। हरियाणा की टीम का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर पिछले 15 दिन से पानीपत के नलवा पब्लिक स्कूल में चल रहा था। जिसका समापन श्याम की अंतिम ट्रेनिंग के बाद किया गया। ट्रेनिंग कैंप के समापन पर पानीपत रग्बी एवं राष्ट्रीय सनातन सेना भारत हरियाणा की प्रभारी एवं महिला इकाई की अध्यक्षा बबीता सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश जून, सह सचिव विजय मलिक, नलवा ग्रप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशकए बलकार सिंहए स्कूल के प्राचार्य सरीन रावल, विद्यालय के खेल निदेशक अरुण न भनवाला ने चुनी गई टीम को किट वितरित की। जींद की रिद्धिमा को टीम कप्तान एवं चरखी दादरी की खुशबू को उप कप्तान चुना गया है।

---

### गेहूं की बिजाई की जानकारी दी

**राजौंद।** खंड के गांव माजरा में फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन व खेती विरासत मिशन के सहयोग से फील्ड स्कूल का आयोजन किया। बताया खेत में गेहूं की ट्रीपल ऐस विधि से बिजाई या सतही तकनीक से गेहू की बिजाई धान की फसल के अवशेष के साथ गेहूं की बिजाई की जानकारी दी । जिला कॉर्डिनेटर सुभाष चन्द्र ने बताया कि मंगलवार को किसानों को धान की डी एस आर विधि के फायदे गेहूं कि सतही बिजाई के फायदे धान के अवशेष का प्रबंधन,खरपतवार नियंत्रण, फसल में पानी कम लगता है, गेहू मे लॉजिंग नही होता है जिससे किसानों कि आय मे वृद्धि होती है और भूमि की सेहत में सुधार होता है। कहा कि फुड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन और खेती विरासत मिशन अनूठी खेती प्रणालियों को आधुनिक तकनीक और सतत प्रथाओं से सशक्त बनाना है।



माजरा में किसान पाठशाला के दौरान किसानों को जागरुक करते हुए।



नरवाना। प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पर्व भारतीय समरसता के प्रतीक

**नरवाना।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान द्वारा सेवा भावना के साथ विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संस्थान द्वारा शहर में मीठे चावल वितरित किए गए । प्रधान राजेंद्र गर्ग ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये पर्व भारतीय संस्कृतिए कृषि परंपरा और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। लोहड़ी फसल कटाई की खुशी प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं भाईचारे का संदेश देती हैए वहीं मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश के साथ उत्तरायण काल का शुभारंभ होता हैए जिसे सकारात्मक ऊर्जा और नवजीवन का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि नारायण सेवा संस्थान पर्वों को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाने में विश्वास रखता है।

### सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

**जींद।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय व ट्रैफिक पुलिस द्वारा बस स्टैंड पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रोडवेज व ऑटो रिक्शा चालक परिचालकों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से परिवहन निरीक्षक सन्नी व परिवहन उप निरीक्षक प्रदीप, ट्रैफिक पुलिस से एसआइ राजेश कुमार व अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगी हुई थी, उन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। जिले के सभी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर टेप वितरित की गई। उन्हें निर्देश दिए गए कि सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगाएं।



जींद। चालकों की जांच करते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। बीबीपुर गांव में योग करते युवा। फोटो :हरिभूमि

### युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

**जुलाना।** क्षेत्र के बीबीपुर गांव में युवाओं को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव की आरोग्य मंदिर में सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार करते योग अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग कार्यक्रम के दौरान योग सहायक संगीत कुमार ढुल ने उपस्थित युवाओं को सूर्य नमस्कार की सही विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार योग का एक संपूर्ण अभ्यास है। जिसमें शरीर के सभी अंग सक्रिय होते हैं। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से असाध्य रोगों से भी राहत मिल सकती है।

---





जींद। प्रतियोगिता में मेडल के साथ एंजल और मनस्वी। फोटो :हरिभूमि

### मनस्वी, एजंल ने जीते गोल्ड

**जींद।** नोएडा के सेक्टर 21 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 10 से 12 जनवरी तक हुए डीएवी नेशनल गेम्स में जींद की मनस्वी व एंजल रेढू ने योगा इवेंट में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। जींद डिवाइन योगा सेंटर पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में पूरे भारत की 35 से ज्यादा टीमों के 250 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे थे। जींद की मनस्वी ने डीएवी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 आयु वर्ग में आर्टिस्टिक इंडिविजुअल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं मनस्वी और एंजल रेढू ने टीम इवेंट में भाग लेते हुए हरियाणा डीएवी का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। मनस्वी ने पिछले साल भी डीएवी नेशनल गेम्स में ही गोल्ड मेडल जीता था। टीम कोच के रूप में सुमन कालीरमण साथ रही।

# वालीबॉल प्रतियोगिता में साहिल प्रथम

### वाराणसी में प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। नगूरां निवासी साहिल दलाल कोच प्रवीण के साथ मेडल दिखाता हुआ।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर वालीबाल सात दिवसीय प्रतियोगिता में नगूरां गांव के साहिल दलाल ने भारतीय रेलवे की तरफ से खेलते प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गांव के राजकीय वमावि में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच धर्मबीर व सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने की तथा मुख्य रूप से ब्लाक समिति चेयरमैन राहुल ने भाग लिया। साहिल को सबसे पहले खुली जीप में वाहनों के काफिलों के साथ नगूरां बस स्टैंड से आयोजित स्थल तक लाया गया। इस दौरान विजेता खिलाड़ी को गांव वालों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कोच प्रवीण ने बताया कि नगूरां निवासी साहिल दलाल ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर वालीबाल प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की तरफ से खेलते हुए केरला को 3-0 से हराकर टीम को प्रथम स्थान दिलवाया है। साहिल पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर वालीबाल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुका है। साहिल के इस प्रदर्शन से गांव के लोगों ने स्कूल में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें साहिल को सम्मानित किया गया।



नरवाना। योग करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**नरवाना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हरियाणा में सूर्य नमस्कार योग अभियान का आगाज हो गया है। सूर्य नमस्कार योग अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से शुभारम्भ हुआ तथा 12 फरवरी स्वामी दयानन्द जयंती तक करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम हरियाणा आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के अंतर्गत डॉ0 अमित रोहिल्ला जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जीन्द के निर्देशन में डॉ0 योगेश जिला योग कॉर्डिनेटर और गोविंदा योग विशेषज्ञ की देख.रेख में चलाया गया। इसमें योग सहायक प्रदीप सिंह ने दरोली खेड़ा व्यायामशाला में युवाओं को 6 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया तथा सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

---

### सनातन धर्म शिव मंदिर में गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा

# शालिग्राम पूजन से समस्त पापों का नाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में आयोजित श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा में मुख्य यजमान राजिंदर बंसल धर्मपत्नी विद्या बंसल, पुत्र संजीव बंसल, पुत्रवधु शिवानी बंसल, पौत्र ध्रुव बंसल एवं पौत्री झनक बंसल ने विधिवत रूप से भाग लिया। कथा प्रवचन करते आचार्य मानसू भारद्वाज ने शालिग्राम पूजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते कहा कि जो प्राणी मोक्ष की कामना करते हैं, उन्हें शालिग्राम भगवान का पूजन अवश्य करना चाहिए। शालिग्राम स्वरूप में भगवान विष्णु का पूजन समस्त पापों को नष्ट करने वाला होता है। शालिग्राम पूजन से प्रतिदिन दस हजार राजसूय यज्ञों का फल प्राप्त होता है। बताया कि शालिग्राम भगवान विष्णु का दिव्य और सुंदर स्वरूप है, जिसके पूजन से कठोरतम पाप भी नष्ट हो जाते हैं। भगवान विष्णु सदैव शालिग्राम में विराजमान रहते हैं, इसलिए कहा है कि जिसने शालिग्राम पूजन कर लिया, उसने समस्त पृथ्वी का दान कर दिया। आचार्य भारद्वाज ने कहा कि बारह शालिग्राम शिलाओं के पूजन से बारह कल्पों तक द्वादश ज्योतिर्लिंगों के पूजन का फल प्राप्त होता है। वहीं जो सौ शालिग्राम शिलाओं का पूजन करता है, वह वैकुण्ठ भोगने के उपरांत चक्रवर्ती राजा बनकर पृथ्वी के सुखों का भी उपभोग करता है। आगे बताया कि जो व्यक्ति सदैव शालिग्राम की पूजा करता है, वह निश्चित रूप से वैकुण्ठ को प्राप्त करता है। शालिग्राम पूजन मात्र से तीर्थ, दान, यज्ञ आदि कर्मों के फल स्वतः प्राप्त हो जाते हैं।



पूंडरी। यज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### विष्णुलोक को प्राप्त करेगा

शालिग्राम का अभिषेक करने से समस्त तीर्थों में स्नान का फल प्राप्त होता है। विधि-विधान से पूजन करने वाला व्यक्ति कलियुग में भी विष्णुलोक को प्राप्त करता है। सहस्त्रों शिवलिंगों के दर्शन और पूजन से जो फल मिलता है, वह शालिग्राम के एक दिन के पूजन से ही प्राप्त हो जाता है। जहां शालिग्राम निवास करते हैं, वहां समस्त देवता और महात्मा निवास करते हैं। शालिग्राम के समक्ष किया गया श्राद्ध पितरों को सौ कल्पों तक स्वर्ग में वास दिलाता है। शालिग्राम शिला का जल पीने से अमृतपान का फल प्राप्त होता है और जहां शालिग्राम विराजमान होते हैं, वहां तीन योजन की परिधि में किए गए।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### डेक्लेमेशन प्रतियोगिता में अक्षिता रही प्रथम

**जींद।** जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय कालेज में एसवीईईपी (स्वीप) एक्टिविटीज 2026 के अंतर्गत जिलास्तरीयप्रतियोगिताओं का आयोजन किया । डेक्लेमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्षिता (जीसीडब्ल्यू सफीदों), द्वितीय स्थान नगिता देवी (आरजीएम उचाना) तथा तृतीय स्थान सुप्रिया (पीआईजी जीसीडब्ल्यू जींद) ने प्राप्त किया।

**सूचना**

मैं, सविता ढुल पत्नी राकेश नैन निवासी मकान नंबर 921, सेक्टर 19, पार्ट 2, हुडा, कैथल (हरियाणा) बयान करती हू कि मैंने अपना नाम सविता ढुल से बदलकर सविता कर लिया है। कृपया संबंधित नोट करें।

# कैथल में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व, मानसिक विकास के साथ बच्चों में आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं ऐसे आयोजन

■ वृद्ध आश्रम के वृद्ध तथा बाल संरक्षण केंद्र के बच्चे व स्टाफ सदस्य शामिल हुए

■ छात्राओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर एवं गिद्दा प्रस्तुत पर्व को हर्षोल्लास से मनाया

# लोहड़ी पर्व से बढ़ती है आपसी प्रेम व सहयोग की भावना : रविभूषण गर्ग

## 50 वर्षों से बुजुर्गों का सहारा बनी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री सनातन धर्म सभा कैथल द्वारा कोठी गेट पर चलाए जा रहे बाल उपवन आश्रम कैथल में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला बाल संरक्षण इकाई के काउंसलर राजबीर सिंह तथा सोशल वर्कर राजबीर ने लोहड़ी में आहुति डालकर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग ने की। कार्यक्रम में वृद्ध आश्रम के वृद्ध तथा बाल संरक्षण केंद्र के बच्चे व स्टाफ सदस्य शामिल हुए। रविभूषण गर्ग ने कहा कि यह पर्व हमें आपसी प्रेम, सहयोग और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं।

शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा समाजसेवा के तहत बच्चों तथा बुजुर्गों की सेवा का कार्य बड़े ही अच्छे ढंग से किया जा रहा है। आज जहां बुजुर्गों को कोई नहीं रखना चाहता तो वहीं सभा पिछले 50 सालों से ऐसे ठुकराए गए वृद्धों को सहारा दे रही है। इसके साथ ही सभा द्वारा चलाए जा रहे बाल संरक्षण केंद्र में भी बच्चों को नया जीवन देते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। राजबीर सिंह और सुरेश मलिक ने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं।


जींद। बाल उपवन आश्रम में लोहडी पर्व मनाते हुए अधिकारी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

जींद। जिलाभर में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी संस्थाओं ने जरूरतमंदों को कंबल, रेवड़ी, गज्जक, मुंगफली वितरित की। वहीं समाजसेवी संस्थाओं ने भी लोहड़ी पर्व पर कार्यक्रम हुए। इस दिन शाम के समय आग जलाते हैं और उसके चारों ओर एकत्रित हो जाते हैं। इसके बाद आग में रेवड़ी, मूंगफली, खील, चिक्की, गुड़ से बनी चीजें डाल कर इसकी परिक्रमा की जाती है। लोहड़ी का पर्व सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित है।

## लोहडी के पर्व पर युवाओं ने जमाया रंग

राजौंद। मकर संक्रांति से एक दिन पूर्व मनाए जाने वाले लोहड़ी पर्व को कस्बा के लोगों ने धूमधाम से मनाया। पर्व को लेकर हर कोई उत्साहित दिखाई दिया। लोहड़ी की खरीददारी को देखते हुए बाजारों में जगह-जगह मूंगफली, रेवड़ी व गजक की रेहड़ियां सजी हुई थी। मंगलवार को लोहड़ी पर लोगों ने मूंगफली व रेवड़ी की खूब खरीददारी कर उपहार के रूप में एक दूसरे को भेंट दी। कस्बा में अनेक स्थानों पर लोहड़ी उत्सव को रंगारंग तरीके से मनाने के लिए युवाओं ने डीजे की थाप पर जमकर धमाल मचाया। लोहड़ी पर्व व मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए बाजारों में खूब चहल पहल उमड़ पड़ी। वहीं वस्त्रों एवं श्रृंगार के सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। दिन भर लोहड़ी की खुशी बांटने के लिए आपस में मूंगफली, रेवड़ी व मिठाइयां बांटी गई। सांय को लोगों ने अपने घरों में अलावा जलाकर उसकी परिक्रमा कर घर की सुख शांति की कामना की। आधुनिकता की मार के चलते बच्चों की टोलियां लोहड़ी मांगने के लिए गली-गली घूमते अब नहीं दिखाई दी, जबकि कुछ वर्ष पूर्व में छोटी-छोटी लड़कियां लोहड़ी के दिन तिली हरी वे परी, तिली मोतीयां जड़ी, तिली ओस वेडे जा जित्थे गुग्गे दा ब्याह वाले गीत गुनगुनाती हुई उन घरों में लोहड़ी मांगने जाती थी जिन घरों में लड़के का जन्म हुआ होता था या लड़के की शादी के बाद पहली लोहड़ी होती थी। इसी तरह छोटे बच्चे भी टोलियां बनाकर दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्हे दी व्याही हो जैसे गीत गाकर इस पर्व की खुशी मनाते थे, परंतु अब लोहड़ी को लेकर एक दिन पहले ही मोबाइल फोनों पर एस.एम.एस का दौर शुरू हो जाता है। अब तो लड़के व लड़कियां भी लोहड़ी मांगने में शर्म महसूस करते हैं।


राजौंद। लोहड़ी के दिन रात के समय लोहड़ी जला कर प्रार्थना करते हुए व दुकानों पर सजी हुई मुंगफली रेवड़ियां।


पूंडरी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि अशोक गुर्जर व अन्य।

## परिवार मिलन समारोह का आयोजन

पूंडरी। भारत विकास परिषद फतेहपुर पूंडरी द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की गरिमामयी उपस्थिति रही और सांस्कृतिक, सामाजिक तथा प्रेरणादायी गतिविधियों के माध्यम से भारतीय परंपराओं को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पानीपत प्रभारी अशोक गुर्जर व विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहतास नैन सरपंच प्रतिनिधि ने भाग लिया। परिषद के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार से पर्व मनाने से हमारी युवा पीढ़ी को भारतीय पर्वों, संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान होता है। आज के समय में ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे। उन्होंने आगे कहा कि भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाएं जो सेवा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, वह केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की नायब सैनी सरकार के सहयोगात्मक वातावरण में ही संभव हो पा रहा है।


सीवन। सीवन के परम ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग में लोहड़ी मानती छात्राएं।

## परम ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग में मनाया उत्सव

सीवन। नगर के परम ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग में लोहड़ी का पावन पर्व छात्राओं द्वारा बड़े उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर एवं गिद्दा प्रस्तुत कर अपनी खुशियां जाहिर कीं। पूरे संस्थान परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने लोहड़ी के पारंपरिक महत्व को दर्शाते हुए गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से पंजाबी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। सभी छात्राओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक पुष्पा मुंजाल ने उपस्थित सभी छात्राओं, स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, मेहनत, खुशहाली और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में छात्राओं सुमन, माफी, अनु, कविता, पूनम, प्रियंका, निधि, अंकित, विनय, नसीब, तमन्ना, भूमि, खुशी एवं दिव्या सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।


कैथल। भाजपा कपिल कमल कार्यालय में लोहडी का पर्व मनाते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## भाजपा जिला कार्यालय में उत्साह से मनाया पर्व

कैथल। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में आज जिलाध्यक्ष भाजपा कैथल ज्योति सैनी की अध्यक्षता में लोहड़ी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, पारंपरिक उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रूप से अग्नि प्रज्वलन कर लोहड़ी की पूजा की गई तथा सभी ने प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का सुंदर संदेश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और सामूहिक आनंद का प्रतीक है। ऐसे पर्व समाज को जोड़ने, सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने और पारिवारिक व सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन सदैव भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों को सम्मान देते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य करता है।

## चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम

पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी में संयुक्त रूप से रिचुअल सेल व आईक्यू ए सी सेल द्वारा परंपरा ,उल्लास और सांस्कृतिक चेतना के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया गया । इस अवसर पर कॉलेज के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने सभी प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं को लोहड़ी व मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।कॉलेज की प्राचार्या डॉ शकुंतला सिंगला ने इसे सामूहिक ऊर्जा और प्रेरणा का प्रतीक बताया व छात्राओं को भारतीय लोक संस्कृति से जोड़ना तथा परंपराओं के महत्व को समझाया। इसी भावना को आत्मसात करते हुए महाविद्यालय परिसर में संपूर्ण वातावरण उत्सवमय बन गया। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं वरिष्ठ अध्यापिकाओं की उपस्थिति में लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की गई, इसके पश्चात छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने अग्नि की परिक्रमा करते हुए तिल, मूंगफली, रेवड़ी अर्पित किए और सभी के लिए सुख समृद्धि स्वास्थ एवं खुशहाली की कामना की ।


पूंडरी। लोहड़ी पर्व मनाते कॉलेज स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि


कैथल। जजों का स्वागत करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## बार एसोसिएशन ने लोहड़ी पर्व मनाया

कैथल। जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में लोहड़ी व मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैशन जज अजय पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने की। समारोह में एडीजे डा. नंदिता कौशिक, अनुपमिश मोदी, अमित गर्ग, स्पेशल जज पारीवारिक न्यायालय देवेन्द्र सिंह, मोहित अग्रवाल, एसीजेएम अमन इंद्र सिंह, विरेन कादयान, सीजेएम विनोद कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कंवल कुमार, जेएमआईसी संदीप कौर, अंकिता महाजन, तुषार शर्मा, प्रिंस कुमार, जसमीत कौर तथा जिला उपभोक्ता आयोग की प्रेजीडेंट नीलम कश्यप भी उपस्थित थे। सबसे पहले बार रूम में पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने सभी जजों का स्वागत किया। सैशन जज ने लोहड़ी जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की और लोहड़ी की शुभ कामनाएं दी।


पूंडरी। सभा सदस्य लोहड़ी पर्व को नाच गाकर मनाते हुए।

## पूंडरी की पंजाबी धर्मशाला में मनाई लोहड़ी

पूंडरी। पूंडरी स्थित पंजाबी धर्मशाला में पंजाबी सभा के तत्वावधान में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रमेश दुआ ने की। कार्यक्रम के दौरान परंपरागत रीति से अग्नि प्रज्वलित कर लोहड़ी गीतों पर भांगड़ा व गिद्दा किया गया तथा सुंदर मुंदरिये हो सुनाकर उत्सव को जीवंत बनाया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डिंपल उर्फ संजीव उप्पल ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व नई फसल, खुशहाली और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि लोहड़ी को परंपरागत रूप से लुगड़ी ओढ़कर क्यों मनाया जाता है और इसके पीछे की सांस्कृतिक मान्यताओं की जानकारी भी साझा की। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से समाजसेविका निधि मोहन, मास्टर रामलुभाया, बलराम खुराना, अशोक वधवा, वीना सेठी, हर्ष सेठी, कमलेश बग्गा, बरखा कुकरेजा भी मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### शामलात भूमि पर बने मकान वैध कराने के लिए आवेदन 16 तक

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में शामलात भूमि पर वर्षों से बने मकानों में रहने वाले लोगों के लिए अब अपने मकानों को वैध कराने का अवसर शुरू हो गया है यह सुविधा केवल उन मकानों पर लागू होगी जो 31 मार्च 2004 या उससे पहले शामलात भूमि पर बने थे। पात्र लोगों को 16 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदन बीडीपीओ कार्यालय में ही किया जाएगा। आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना जरूरी है। जिनमें जमाबंदी, खसरा गिरदावरी, मकान का साइट प्लान, मकान की फोटो और कब्जे से संबंधित प्रमाण पत्र शामिल हैं।

# शिक्षा के साथ कुशलता देती है नई शिक्षा नीति

■ नई शिक्षा नीति 2020 पर हुआ कार्यशाला का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट बीएड कॉलेज कैथल में नई शिक्षा नीति 2020 समग्र और बहू विषयक शिक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से डॉ दिग्विजय सिंह व डॉ. अंग्रेज सिंह ने रिसोर्स पर्सन के तौर पर शिरकत की व जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनीवाल ने समस्त प्रबंधक समिति के साथ कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर कार्यशाला की शोभा बढ़ाई। कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह व स्टाफ सदस्यों ने डॉ .दिग्विजय सिंह, डॉ. अंग्रेज सिंह , मुख्य अतिथि व समस्त प्रबंधक समिति का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर दिग्विजय सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भविष्य में सारे भारत में लागू होगी। वर्तमान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र इसे लागू करने वाला पहला विश्वविद्यालय है। नई शिक्षा नीति हमें शिक्षा के साथ-साथ कुशलता प्रदान करने पर भी बल देती है।

डॉ.अंग्रेज सिंह ने नई शिक्षा नीति बारे कार्यशाला में बताया कि- इसमें छात्रों को किसी विशेष विषय के चुनाव की स्वतंत्रता रहती है। विज्ञान का छात्र कला संकाय का विषय पढ़कर ज्ञानवर्धन कर सकता है, विज्ञान का छात्र कॉमर्स संकाय का विषय भी पढ़ सकता है। इससे छात्रों में अतिरिक्त ज्ञान की वृद्धि होती है। मंच संचालन प्राध्यापक चंद्र प्रकाश ने किया।


कैथल। जाट बीएड कॉलेज कैथल में कार्यशाला के दौरान संस्थान के पदाधिकारी तथा विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल , रजत रापड़िया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा ,सनी चौशाला , स्वतंत्र पाल सिंह, डॉ राधेश्याम , राजेश ढुल, अंजू, मोनिका, अंजू ढुल, हरपाल सिंह, राजीव, आरती सैनी, वीरेंद्र कुडू आदि उपस्थित रहे।*

# परिणाम सुधरा, हिंदी में पत्र लेखन में 91 प्रतिशत विद्यार्थी बने निपुण

■ 87 प्रतिशत विद्यार्थी विद्यार्थी गणित में निपुण बने

■ दो दिवसीय सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले के 423 प्राथमिक विद्यालयों में पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का गत 29 व 30 दिसंबर को दो दिवसीय सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट हुआ था। इसमें से 200 स्कूल कैटेगरी, 168 स्कूल बी और 53 स्कूल सी कैटेगरी में शामिल हुए थे। पिछली बार की तुलना में इस बार परिणाम में सुधार हुआ है। दूसरी कक्षा में 74.5 प्रतिशत की जगह अब 82.8 प्रतिशत और तीसरी कक्षा में 65.9 प्रतिशत की जगह 78.1 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। असेसमेंट में विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के वर्ण, शब्द, वाक्य एवं अनुच्छेद पठन अनुसार का आंकलन किया गया था। वहीं गणित के संख्या पहचान, जोड़, घटाव व गुणा जैसे सवालों से आंकलन गया। जिले में पहली कक्षा में 5607, दूसरी कक्षा में 5039 व तीसरी कक्षा में 5056 विद्यार्थी हैं। दूसरी कक्षा में 74.5 प्रतिशत बच्चे एक्सीलेंट श्रेणी में हैं। 87 प्रतिशत विद्यार्थी विद्यार्थी गणित में निपुण बने हैं। हिंदी में पत्र लेखन में पिछली बार की अपेक्षा इस बार 91 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं। शब्द लेखन में 74 प्रतिशत की जगह 83 प्रतिशत, वाक्य पढने में 61 प्रतिशत की जगह 75 परिणाम आया है। वहीं गणित में अंक पढने में 73 प्रतिशत की जगह 84.2 प्रतिशत, एक अक्षर के जोड़ में 75 की जगह 86 प्रतिशत विद्यार्थी निपुण बने हैं।


जींद। गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे।

### शिक्षक-बच्चों की मेहनत

डीईओ महेंद्र सिंह व एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जींद जिले की यह उपलब्धि बेहतर है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए जिला एवं खंड स्तर के अधिकारीए टीमए मेंटर्सए शिक्षकए विद्यार्थी और सहयोगी अभिभावक सभी बधाई के पात्र हैं। यह सफलता शिक्षकों के अथक प्रयासों, निष्ठा और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

# तालाब निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य का नपा सचिव ने किया निरीक्षण

■ निम्न स्तर की सामग्री लगाने पर ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने नगर के डेरा बाबा नागा जी रोड पर स्थित तालाब के निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। इस दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तथा किया जा रहा कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। नगर पालिका सचिव ने मौके पर ही ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता में तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री को बदलने और कार्य को तय मानकों के अनुसार दोबारा करने के आदेश भी दिए।

इसके पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपक कुमार ने बताया कि नगर में तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य नगर पालिका द्वारा करवाया जा रहा है। उन्हें पूर्व में शिकायतें प्राप्त हुई थी कि ठेकेदार द्वारा कार्य मानकों के विपरीत किया जा रहा है, जिसके चलते उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह बात सही पाई गई कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को इस संबंध में कड़ी चेतावनी दे दी गई है तथा नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर पालिका सचिव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कार्य नगर वासियों के टैक्स के पैसे से कराया जा रहा है और इस धन का उपयोग केवल जनता की सुविधाओं और नगर के विकास के लिए किया जाएगा, न कि किसी प्रकार के भ्रष्टाचार के लिए।


सीवन। सीवन में निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे सचिव दीपक कुमार।

## राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप तैयारियां समय से पूरी करने के दिए निर्देश

# गणतंत्र दिवस को लेकर एडीसी ने किया दौरा

पुलिस लाइन में अधिकारियों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से एडीसी डा. सुशील कुमार ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर उनके साथ सीटीएम गुरविंद्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एडीसी डा. सुशील कुमार ने कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई और साज-सज्जा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर जाएं। स्टेज की रंग-पुताई और पूरे पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम और संबंधित विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार परेड की टुकड़ियों के अभ्यास और उनके अनुशासन को लेकर पुलिस अधिकारियों से चर्चा की गई। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन और रिहर्सल की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों का अच्छी प्रकार से अभ्यास करवाने के निर्देश दिए।


कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जायजा लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### समन्वय के साथ कार्य करने की हिदायत

*इस अवसर पर डीडीए डा. सुरेंद्र यादव, नगर परिषद सचिव पवन शर्मा, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गोपाल वैध, एआईपीआरओ अमित कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें एडीसी ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की हिदायत दी।*

### एम्बुलेंस व मेडिकल टीम तैनात करने के निर्देश

*इसके अलावा एडीसी ने निर्देश दिए कि मुख्य अतिथि, गणमान्य नागरिकों और आम जनता के बैठने के लिए उचित टेंट और बैठने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक गौरवशाली राष्ट्रीय उत्सव है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस व मेडिकल टीम तैनात करने के निर्देश भी दिए। अच्छी एवं संदेशप्रद भव्य झांकियों तैयार की जाए और उन्हें निर्धारित समय और स्थल पर लाइन-अप करवाया जाए।*